महाकुंभ में प्रदेश के स्टार्टअप का भी होगा संगम

10000 वर्ग फीट में एकेटीयू लगाएगा स्टार्टअप प्रदर्शनी, नवाचार को बढ़ाने के लिए निवेशकों को करेंगे आकर्षित

अक्षय कुमार

लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ में आ रहे देश-दुनिया के श्रद्धालु और पर्यटक विभिन्न कार्यक्रमों व प्रदर्शनियों के माध्यम से यूपी की झलक देख रहे हैं। इसी क्रम में महाकुंभ में प्रदेश भर के स्टार्टअप का भी संगम होगा। इसके लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की ओर से लगभग 10 हजार वर्ग फीट में स्टार्टअप प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एकेटीयू विभिन्न स्तरों पर प्रयास कर रहा है। वन डिस्ट्रिक्ट वन इनोवेशन सेंटर पर काम करने के साथ ही विश्वविद्यालय कैंपस समेत प्रदेश के सभी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों को हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित कर रहा है। विवि की ओर से अब तक 110 से अधिक स्टार्टअप ऑनबोर्ड (प्रोडक्ट तैयार) किए जा चुके हैं। अब इन स्टार्टअप को बाजार में उतारने व निवेश देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऐसे में महाकुंभ एक बेहतर अवसर हो सकता है। यहां मेला क्षेत्र में लोगों को स्टार्टअप की तरफ आकर्षित व निवेश के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

एकेटीयू के एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि एक-दो दिन में प्रदर्शनी के लिए जगह अलॉट हो जाएगी। इसके सप्ताह भर में स्टॉल लगा दिए जाएंगे। इसमें उन 110 से अधिक स्टार्टअप को प्राथमिकता पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिनके प्रोडक्ट तैयार हैं। ताकि उन्हें बेहतर बिजनेस का मौका मिल सके। इसमें हर्बल उत्पाद, फैब्रिकेशन, स्मार्ट साइकिल आदि शामिल हैं।

डोम सिटी भी एकेटीयू का स्टार्टअप

महाकुंभ में सर्वाधिक चर्चा का विषय उत्तर प्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (यूपीएसटीडीसी) की ओर से तैयार कराई गई डोम सिटी है। इसका किराया 80 हजार से एक लाख रुपये तक है। इसकी लगातार बुकिंग हो रही है। यह स्टार्टअप ईवो लाइफ भी एकेटीयू से जुड़े मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र का है।

रोटेशन में दिया जाएगा मौका

महाकुंभ में एकेटीयू से संबद्ध कई कॉलेजों के स्टार्टअप के प्रदर्शन की तैयारी है। चूंकि महाकुंभ लगभग डेढ़ महीने चलेगा, ऐसे में रोटेशन पर अधिकाधिक स्टार्टअप को प्रदर्शित किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

-प्रो. जेपी पांडेय, कुलपति, एकेटीयू